Seat No. : _______________

XD-102

M.A. Part-II
March-2013

Hindi : Paper-V
(Subsidiary)
आधुनिक हिन्दी काव्य

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

१. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **३०**

(क) मैं रति की प्रतिकृति लज्जा हूँ
मैं शालीनता सिखाती हूँ,
मतवाली सुन्दरता पग में
नूपुर सी लिपट मनाती हूँ ।

अथवा

चाँदनी
सड़कों के पिछवाड़े टूटे-फूटे दृश्यों में
स्पृश्यों – अस्पृश्यों में
गंदगी के काले-से नाले के झाग पर
बदमस्त कल्पना-सी फैली थी रात-भर
सेक्स के कष्टों के कवियों के काम-सी ।

(ख) क्षमा शोभती उस भुजंग को
जिसके पास गरल हो ।
उसको क्या, जो दन्तहीन
विषरहित, विनीत, सरल हो ?

अथवा

ठहरे अगर किसी के दर पर कुछ शरमाकर कुछ सकुचाकर,
तो दरबान कह उठा, बाबा, आगे जा देखो कोई घर ।
हम रमता बनकर विचरे पर हमें भिक्षु समझे जग के मन ।

(ग) मैंने कोशिश की थी कि कुछ कहूँ उनसे
लेकिन जब कहा तुमको प्यार करता हूँ
मेरे शब्द एक लहरियाता दोगाना बन
उकडूँ बैठे लोगों पर भिनभिनाने लगे

अथवा

आम की यह डाल जो सूखी दिखी,
कह रही है – "अब यहाँ पिक या शिखी
नहीं आते, पंक्ति मैं वह हूँ लिखी
नहीं जिसका अर्थ –
जीवन दह गया है ।"

२. 'राग-विराग' में संकलित कविताओं के आधार पर निराला के प्रकृति-प्रेम पर चर्चा कीजिए । १५

अथवा

मुक्तिबोध कृत 'ब्रह्म राक्षस' कविता की मूल संवेदना को बताइए ।

३. जयशंकर प्रसाद रचित 'कामायनी' के महाकाव्यत्त्व को स्पष्ट कीजिए । १५

अथवा

रघुवीर सहाय की प्रतिनिधि कविताएँ संकलन के आधार पर उनके भाषा-सौष्ठव पर चर्चा कीजिए ।

४. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : २०

(क) 'उर्मिला' कविता का भावार्थ ।

अथवा

'कुरुक्षेत्र' के भीष्म ।

(ख) निराला की भाषा ।

अथवा

'नवीन' के काव्य में राष्ट्रीय भावना ।

(ग) 'कामायनी' के मनु ।

अथवा

'अंधेरे में' कविता की संवेदना ।

(घ) 'कुरुक्षेत्र' का उद्देश्य ।

अथवा

'आत्महत्या के विरुद्ध' कविता का भावार्थ ।

५. सूचनानुसार उत्तर दीजिए : **२०**

(अ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(१) इड़ा किस प्रदेश की रानी है ?

(२) 'कुरुक्षेत्र' के कौन से सर्ग को 'क्षेपक' कहा गया है ?

(३) "विजन-वन-बल्लरी पर ......" पंक्ति किस कविता की है ?

(४) रघुवीर सहाय किस सप्तक के कवि रहे हैं ?

(५) मुक्तिबोध का पूरा नाम क्या है ?

(६) 'गांधीजी के मजनू' कौन से कवि को कहा गया है ?

(७) 'राग-विराग' संकलन के संपादक कौन हैं ?

(८) प्रथम तार सप्तक का प्रकाशन वर्ष कौन सा है ?

(९) 'कामायनी' महाकाव्य में कुल कितने सर्ग हैं ?

(१०) 'रश्मि रेखा' संग्रह के कवि कौन हैं ?

(११) 'राग-विराग' कुल कितने चरणों का संकलन है ?

(१२) 'कामायनी' की नायिका किसे माना गया है ?

(१३) 'कुरुक्षेत्र' में कवि ने किसकी ग्लानि को प्रस्तुत किया है ?

(१४) कवि निराला ने कुकुरमुत्ता के सामने कौन से फूल को रखा है ?

(१५) आलमगीर किसे कहा गया है ?

(ब) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(१) इच्छा मृत्यु का वरदान ________ को मिला हुआ था ।

(भीष्म, युधिष्ठिर, दुर्योधन)

(२) 'रामदास' कविता के कवि ________ है ।

(रघुवीर सहाय, मुक्तिबोध, दिनकर)

(३) "दुःख ही जीवन की कथा रही......" पंक्ति ________ कविता की है ।

(राम की शक्ति पूजा, तुलसीदास, सरोज-स्मृति)

(४) 'क्वासि' ________ की रचना है ।

(निराला, नवीन, मुक्तिबोध)

(५) डोमाजी उस्ताद का नाम ________ कविता में आता है ।

(भूल गलती, अँधेरे में, ब्रह्म राक्षस)